## सार-समाचार

### शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन में प्रथम स्थान

**उदयपुर,(कासं)।** गिट्स) के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन 2026-इनोवेशन एवं स्टार्टअप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता जयपुर में शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा, एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज जोधपुर तथा बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी ,बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला की उपस्थिति रही। संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. प्रसन्ना कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से 200 से अधिक टीमों डीपसाइट ने अपने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और 33,333 रूपए की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित हुई।असिस्टेंट प्रोफेसर लतीफ खान के निर्देशन में कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी भूपेश नगदा, आयुष शर्मा, तनिषा गोयल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विद्यार्थी शादाब खान द्वारा विकसित यह रेस्क्यू डिवाइस आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। यह उपकरण बाढ के दौरान पानी में डूबे लोगों का पता लगाने तथा भूस्खलन के समय जमीन में दबे लोगों की पहचान करने में सक्षम है। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक बी. एल. जांगिड ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गिट्स के विद्यार्थी निरंतर नवाचार और तकनीकी शोध के माध्यम से समाज के लिए उपयोगी समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। छात्रों द्वारा विकसित इस डिवाइस की विशेषता यह है कि यह सैटेलाइट से जुडा होने के कारण मोबाइल नेटवर्क के बिना भी कार्य करने में सक्षम है, जिससे आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक तेज एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।

### होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**उदयपुर,(कासं)।** ब्लॉक कांग्रेस वल्लभनगर एवं भींडर की ओर से शुक्रवार को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एकजुट होकर होली के रंगों में समाज को एकता का संदेश दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष उदयपुर रघुवीर सिंह मीणा, महिला जिला अध्यक्ष भगवती डांगी एवं पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से हुई, जहां वल्लभनगर व भींडर ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने होली के रंगों से एक-दूसरे को रंगा। सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को रंग लगाए तथा अबीर-गुलाल उडाते हुए बधाई दी। गैर नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने जोशो-खरोशी से भाग लिया। भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को उत्सवी बना दिया। जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा, आज के राजनीतिक माहौल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट रहना होगा। भाजपा की नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बनें। उदयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में कांग्रेस की भूमिका अग्रणी रहेगी। मीणा ने युवा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए आगामी पंचायत चुनावों में सक्रिय रहने का आव्हान किया।

### अवैध शराब से भरा ट्रक कंटेनर जब्त

**उदयपुर,(कासं)।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान पांच करोड़ की अवैध शराब से भरा ट्रक कंटेनर जब्त कर एक आरोपी गिरफ्तार किया। बरामद शराब तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान गोवर्धन विलास थाना पुलिस की टीम ने काया हाईवे पर संदिग्ध कंटेनर ट्रक को रोक तलाशी ली तो उसमें करीब 5 करोड़ मूल्य की अवैध शराब के 1203 कर्टन पाए गए। अवैध शराब से भरे कंटेनर ट्रक के डाकन कोटड़ा से काया होते हुए गुजरात की तरफ जाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कंटनेर ट्रक को रोक चालक गोपालसिंह पुत्र छोगसिंह निवाासी धोरा राजवा थाना बार ब्यावर होना बताया। तलाशी ली तो सोयाबीन के कट्टों की आड में शराब के कर्टन छिपा रखे थे। पुलिस ने अवैध शराब सहित ट्रक कंटेनर जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। जिससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक अनुसंधान में तस्करी कर शराब गुजरात ले जाई जा रही थी।

### पंचायत समिति सदस्य की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के देवल गांव में एक सडक हादसे में घायल हुए पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल परमार का निधन हो गया है। वह पिछले 6 महीने से कोमा में थे और उनका इलाज चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार भाटडा निवासी रमेश चंद्र परमार ने इस संबंध में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके बडे भाई कांतिलाल परमार,जो दोवडा पंचायत समिति के सदस्य थे,10 अगस्त 2025 को अपने जीजा कैलाश चंद के साथ पाल देवल गांव में मेहमान गए थे। वापस घर लौटते समय देवल गांव के पास उनकी बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। इस हादसे में कांतिलाल के सिर और हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण वह कोमा में चले गए थे। कांतिलाल का इलाज गुजरात में चल रहा था। शुक्रवार तडके इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड दिया। निधन के बाद परिजन शव लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे,जहां शव को मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

**राजसमंद, (निसं)।** अखिल जयकार राजस्थान समाज के तत्वावधान में मातृकुंडिया महादेव परिसर में राम दरबार मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संभाग सहित राजसमंद चारों चौखला क्षेत्रों से बडी संख्या में समाजजन शामिल हुए। महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके साथ ही तुलसी विवाह के उपलक्ष्य में विधि-विधान से गणपति स्थापना की गई। इसके बाद चार दिनों तक महायज्ञ का आयोजन हुआ। शिवभुतों की बरात आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# 'कोर्ट के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए'

- आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल, चारा व चिकित्सा सेवाओं का हो बेहतर प्रबंधन : जिला कलक्टर




फोटो-5 उदयपुर में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलक्टर।

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्व प्रकरणों की समीक्षा तथा अवैध खनन की रोकथाम को लेकर बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलक्टर मेहता ने राजस्व न्यायालय से जुड़े कार्यों में पूर्ण गंभीरता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का राजस्व प्रकरणों पर विशेष फोकस है, इसलिए कोर्ट के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। बैठक में राजस्व से जुडत्रे प्रकरणों यथा जीसीएमएस से प्राप्त केसेज,पत्थरगढी, नामांतरण, धारा 53, धारा 251 सहित अन्य प्रकरणों की उपखंड वार समीक्षा की। जिला कलक्टर ने लंबित प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए पाबंद किया। श्री मेहता ने ई फाइलिंग की समीक्षा करते हुए सभी कार्य ई फाइलिंग से करने तथा फाइल्स का समयबद्ध डिस्पोजल करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सभी उपखण्ड अधिकारियों और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों का चिन्हिकरण करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्यवाही समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के लिए पेयजल तथा चारे की व्यवस्था को लेकर भी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों को लेकर आवश्यक दवाओं सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत दी। कलक्टर ने अधिकारियों को राजकीय भवनों की स्थिति की जानकारी लेने तथा जर्जरहाल भवनों में कार्यालय, स्कूल, हॉस्टल अथवा अस्पताल आदि संचालित नहीं किए जाने को लेकर भी पाबंद किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर किराए के भवन को लेकर प्रस्ताव भिजवाएं, लेकिन किसी भी स्थिति में जर्जरहाल भवन में संचालन नहीं होना चाहिए बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, प्रशिक्षु आइएएस सृष्टि डबास, एसडीएम गिर्वा अवुला सांईकृष्ण, एसडीएम गोगुन्दा शुभम् भैसारे सहित सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

## आवासीय योजना के 47 आवेदकों को दी चेतावनी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण(यूडीए) की तीन योजनाओं के आवासीय प्लॉट देने के मामले में 47 आवेदकों ने अभी तक दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कराया है। अब इनको यूडीए ने आखिरी मौका दिया है, नहीं तो उनके भूखंडों को निरस्त कर दिया जाएगा।

यूडीए ने दक्षिण विस्तार योजना, उद्यम विहार योजना और नांदेश्वर योजना में तय तिथि तक दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कराने वालों को आखिरी चेतावनी दी है। इसमें ऐसे 47 आवेदक है जिन्होंने अभी तक यूडीए जाकर दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कराया है।यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि इन सभी आवेदकों को यूडीए आकर 9 मार्च से पहले दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा और ऐसा नहीं करने वाले सफल आवेदकों के भूखंड निरस्त करते हुए उनकी अमानत राशि भी जब्त कर ली जाएगी।जैन के अनुसार तय शर्तों के अनुसार अब इन भूखंडों में से जो भूखंड निरस्त होंगे उनको उसी श्रेणी में प्रतीक्षा सूची में क्रमवार जो नाम होंगे उनको आवंटित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



उदयपुर में विद्यापीठ में तेल आधारित सौंदर्य उत्पाद पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक एग्रीेल्चर महाविद्यालय के कृषि भवन के सभागार में महिलाओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय तेल आधारित सौंदर्य एवं त्वचा देखभाल उत्पाद निर्माण उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रारंभ में नोडल अधिकारी एवं कृषि सलाहकार प्रो. इन्द्रजीत माथुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईओआर - आईसीएआर के अनुसूचित जाति उपयोजना परियोजना के अंतर्गत प्रायोजित है। पाँच दिनों में प्रशिक्षार्थियों को सरसों, कुसुम, सूरजमुखी और अलसी के तेल पर आधारित विभिन्न उत्पादोंकृफेस सीरम, हेयर मास्क, डी-टैन पैक, गुलाब जल सीरम, हेयर ऑयल, ड्राई फेस पैक, स्किन एक्सफोलिएटर स्क्रब आदि के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने निर्माण प्रक्रिया के साथ गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन के पहलुओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य अतिथि कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब वह जीवन और आजीविका से जुडती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों की महिलाएं यदि कृषि आधारित संसाधनों से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करें, तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ कर सकती हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में सीखे गए कौशल को व्यवहार में उतारें और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढाएं। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि भारत के स्टार्ट-अप पारितंत्र में महिलाओं की भूमिका निरंतर बढ रही है। देश में 50 प्रतिशत जनसंख्यॉ महिलाओं की है लेकिन उन्हें पुरूष की तुलना में उन्हें हर क्षेत्र में कम अवसर प्रदान किये जाते है। हमारी जीडीपी में महिलाओं का योगदान 18 से 25 प्रतिशत ही है। 2017-18 में श्रम रोजगार में 23 प्रतिशत था जो 2023-24 में बढकर यह 41.07 हो गया है।

# स्तन कैंसर पर 200 से अधिक विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 व 8 मार्च को गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में स्तन कैंसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्फ्रेंस ब्रेस्ट कैंसर फाउंडेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

इस सम्मेलन में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए 200 से अधिक डॉक्टर स्तन कैंसर से जुडे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और आम जनता व महिलाओं को इसके प्रति जागरूक करेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान स्तन कैंसर के इलाज से जुडे कैंसर विशेषज्ञ, सर्जन और अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों के एक दिवसीय वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में स्तन कैंसर की रोकथाम, अर्ली डायग्नोसिस, स्क्रीनिंग और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही एडवांस्ड ट्रीटमेंट और नवीनतम तकनीकों के उपयोग से मरीजों को बेहतर उपचार कैसे मिल सकता है, इस पर भी विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। विश्व महिला दिवस पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में कैंसर विशेषज्ञ महिलाओं और आम जनता को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करेंगे, उनके सवालों के जवाब देंगे तथा स्क्रीनिंग, अर्ली डायग्नोसिस और उपचार से जुडी गलत धारणाओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। कॉन्फ्रेंस का आयोजन गीतांजली कैंसर सेंटर द्वारा किया जा रहा है। इसके ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार व्यास, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. रमेश पुरोहित, जॉइंट ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. आशीष जाखेटिया, डॉ. अंकित अग्रवाल और डॉ. अजय कुमार यादव, ट्रेजरर डॉ. शशांक हैं

## पिता पुत्र घायल

**उदयपुर, (कासं)।** अवैध वसूली के लिए आए बदमाशों ने चाकू से हमला कर पिता पुत्र को घायल कियजानकारी के अनुसार राजेश जुमनानी निवासी प्रतापनरग होम स्टोन कॉलोनी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी प्रतापनगर चौराहा पर किराणा दुकान है। 4 मार्च सायं मैं अपनी दुकान पर था। इस दौरान बाइक पर आए तीन बदमाशों ने रूपयों की मांग की तथा इंकार करने पर चाकू से हमला कर दिया।

## ईरान-इजरायल तनाव से गिरा उदयपुर में पर्यटन कारोबार का ग्राफ

**उदयपुर, (कासं.)।** मध्य.पूर्व में बढते ईरान-इजरायल तनाव का असर अब झेलो की नगरी उदयपुर के पर्यटन कारोबार पर भी दिखाई देने लगा है। इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द होने से विदेशी सैलानियों का आना कम हो गया है, जिसके चलते शहर के कई होटल और रिजॉर्ट की बुकिंग भी कैंसिल हो रही है।

पर्यटन से जुडे कारोबारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में विदेशी मेहमानों की संख्या में गिरावट आई है, जिससे पर्यटन उद्योग पर असर पड रहा है।हालात यही रहे तो अगले दो महीने में इस सेक्टर की कमर टूटनी तय है।आपको बतादें कि 15 मार्च से झीलों की नगरी में पर्यटन का पीक सीजन शुरू होने वाला था, लेकिन उससे पहले ही इंटरनेशनल फ्लाइट्स के रद्द होने और हवाई मार्गों में बदलाव ने पर्यटकों के कदम पूरी तरह रोक दिए हैं। एक अनुमानित आकंडे के आधार पर इन हालातों से मार्केट में सीधे 40 से 50 फीसदी पर्यटकों की कमी हुई है।

उदयपुर के पर्यटन कारोबारियों के अनुसार 15 मार्च से 15 अप्रैल के बीच यूरोप से आने वाले पर्यटकों की लगभग सभी बुकिंग कैंसिल हो चुकी है। उदयपुर में 1500 से ज्यादा होटल,रिजॉर्ट्स और होमस्टे.विला है।

# शहर की स्वच्छता के लिए जनता की भागीदारी आवश्यक : कलेक्टर



स्वच्छ भारत मिशन ( शहरी ) के ब्रांड एंबेसेडर के.के. गुप्ता ने सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** नगर परिषद सभागार में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एंबेसेडर, राजस्थान सरकार के.के. गुप्ता द्वारा जिले के समस्त नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में बांसवाडा जिला कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव की भी उपस्थिति रही।

बैठक के प्रारंभ में जिला कलेक्टर डॉ यादव ने कहा कि निकायो के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और मिलकर काम करें। स्वच्छ भारत मिशन सहित शहरी विकास की योजनाओं को किस प्रकार धरातल पर लागू किया जा सकता है? यह स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर गुप्ता जी से बेहतर कोई नहीं समझा सकता है। जिले की सभी निकायों के अधिकारी गुप्ता जी के दिशा निर्देशों की पालना करते हुए अपने नगर निकाय को स्वयं का घर मानते हुए कार्य करें। जिला कलेक्टर डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन प्रारंभ किया गया था और उनके इस सपने को डूंगरपुर नगर परिषद ने धरातल पर लागू किया है। मुझे कुछ महीने डूंगरपुर जिला कलेक्टर पद पर कार्य करने का अवसर मिला और मैंने अनुभूत किया कि डूंगरपुर निकाय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन सहित पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और बहुत सारे नवाचार अपनाते हुए नगर के लिए सर्वांगीण विकास के कार्य किए गए यह अभूतपूर्व है। डूंगरपुर नगर हमारा पडोसी है और पडोसी से अच्छी बात सीखनी चाहिए। अब डूंगरपुर नगर परिषद की तर्ज पर बांसवाडा निकाय भी स्वच्छ भारत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा।

जिला कलेक्टर डॉ यादव ने कहा कि एक नगर के सर्वांगीण विकास में निकाय के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ नगर की जनता की भी भागीदारी आवश्यक है। जिस प्रकार हम हमारे घर को साफ और सुंदर रखते हैं उसी प्रकार हमारे गली मोहल्ला और नगर को साफ रखने की जिम्मेदारी जनता की भी है। निकाय के अधिकारियों की भी मंशा होनी चाहिए कि हमें स्वच्छ भारत मिशन को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करना है, क्योंकि कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता है हमारी इच्छा शक्ति मजबूत होनी चाहिए।

जिला कलेक्टर डॉ यादव ने ब्रांड एंबेसडर गुप्ता द्वारा नगर परिषद डूंगरपुर में वर्ष 2015 से 2020० तक सभापति कार्यकाल के दौरान किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि, डूंगरपुर नगर परिषद प्रदेश की पहले ऐसी निकाय बनी जहां वातानुकूलित शौचालय बनाए गए। जिसमें लोग गंदगी करने के बारे में सोचना तो दूर की बात है अपने खुद के जूते चप्पल भी बाहर निकालते थे। हमें भी इसी प्रकार की सकारात्मक सोच के साथ में बांसवाडा को स्वच्छ भारत अभियान में आगे बढाना है। जिला कलेक्टर डॉ यादव ने डूंगरपुर निकाय के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए यह भी कहा कि डूंगरपुर शहर में प्रत्येक बगीचे में ओपन जिम, सुव्यवस्थित इंटरलॉकिंग टाइल, प्राइवेट स्तर की सुविधाओं जैसा नगर परिषद का जिम, मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर बोनसाई पौधे यह सभी डूंगरपुर नगर के सुंदरता पर चार चांद लगाते हैं और नगर की खुशी और समृद्धि को दर्शाते हैं। बैठक में गुप्ता ने निर्देश दिए कि सभी निकाय अपने-अपने क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें।


Phone: 0294-2413022 (Office); 9414978472(M) E-mail: drsiddharthamishra@gmail.com

**Department of Animal Production**
Rajasthan College of Agriculture
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology
Udaipur-313 001

Dr. Siddhartha Mishra
HEAD

No.AP/RCA/2026/1966
Dated 05.03.2026

**निविदा-सूचना**

पशुधन फार्म राजस्थान कृषि महाविद्यालय उदयपुर हेतु 4.94 लाख अनुमानित लागत के feed ingredient की सील बंद लिफाफे में निविदाएं 10 मार्च 2026 दोपहर 12:15 बजे तक आमंत्रित है। अधिक जानकारी sttt.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

विभागाध्यक्ष

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2026/18598 दिनांक : 4.3.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुद्धा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती भारती कुम्हार पत्नि श्री सूरज कुम्हार निवासी-कुम्हारवाडा, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-09 क्षैत्रफल- 1530 वर्गफिट, शान्ति नगर पावटी रोड, नाथद्वारा | कृषि भूमि | 40 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-8 | भूखण्ड संख्या-10 |
| 2. | श्री अनिता झा पत्नि श्री रमेश झा निवासी- बगरवाडा, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या- 15 क्षैत्रफल- 900 वर्गफिट, यमुनेश्वर कॉलोनी कनवा बस्ती, तेलियों का तालाब, नाथद्वारा | आवासीय कॉलोनी | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-16 | भूखण्ड संख्या-14 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./तामिर/2026/18567 दिनांक : 4.3.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री केसर सिंह एवं मंजु कुवंर निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-08 क्षैत्रफल- 911.17 वर्गफिट, बिजलाई रोड लाल बाग, नाथद्वारा | 30 फिट रोड उसके आगे भूखण्ड संख्या-04 | खसरा संख्या- 528 | भूखण्ड संख्या-07 | कृषि भूमि खसरा संख्या-526 |
| 2. | श्री कैलाश मेघवाल पिता श्री भीमराज मेघवाल निवासी- कुंचोली, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या- 32 क्षैत्रफल-1000 वर्गफिट, भगवती विहार भलावतो का खेडा, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-31 | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-33 | 10फिट चौडा फुटपाथ व पार्क |
| 3. | श्रीमती आशा सोनी पत्नि श्री मुकेश सोनी निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-74 क्षैत्रफल- 1200 वर्गफिट, मोहन विहार भलावतो का खेडा, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-83 | 40 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-73 | भूखण्ड संख्या-75 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

EL/TRD/EIG/2.2KV/OHE/BI-JAJR दिनांक: 06.03.2026

**"सार्वजनिक सूचना"** PROFORMA-10.01

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोग कर्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि अजमेर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर **25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज**, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने निविर्दिष्ट दिनांक **18.03.2026** को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

**खण्ड:** अजमेर मंडल के बड़ी सादरी (रहित) – जलोदा (सहित) खंड में ओएचई लाइन सेक्शन में मास्ट नं. **234/05 (किमी 234/197.00) से 248/10 (किमी 248/489.50)** तक।

**"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"** PROFORMA-10.02

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि अजमेर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के बड़ी सादरी (रहित)–जलोवा जागीर (सहित) खंड में मास्ट नंबर **234/05 (किमी 234/197.00) से 248/10 (किमी 248/489.50)** तक दिनांक **18.03.2026** या उसके बाद **25000 वोल्ट** पर उर्जित होने का कारण सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मी. की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेज लगाई गई और अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या खतरनाक निकटता से बचाने के लिए कॉन्टैक्ट वायर रेल स्तर से कम से कम 5.50 मीटर की ऊंचाई पर होगा ताकि बहुत ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थित में ऊंचाई गेजों का उलंघन न करें।

1. अत्यधिक गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपस्कार को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक सामीम्यात या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

332-PM/26 उप. मुख्यविद्युत अभियंता, निर्माण, जयपुर

Follow us on : /NWRailways NWRailways_

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मद फलासिया, ब्लॉक-झाडोल ( फ ), जिला-उदयपुर**

Mobile No. 7734863634 Email:phc_mophalasia@yahoo.com

क्रमांक: एनएचएम/सफाई/2026/19 दिनांक: 06.03.2026

**खुली निविदा सूचना**

वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिये कार्यालय प्रा. स्वा. केन्द्र एवं सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, मोहम्मद फलासिया में साफ सफाई व्यवस्था मय मानव संसाधन एवं मय सफाई सामग्री तथा MNJY योजना अन्तर्गत मानव संसाधन की अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिश्ट पंजीकृत बोलीदाता/सवेंदक से निम्न कार्य हेतु निविदा (तकनीकी व वितिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.03.2026 से 16.03.2026 को सायं 05.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 17.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिनांक को 01.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित बोलीदाता/ अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी-

| क्र.स. | कार्य का नाम | अवधि | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीएचसी पर 24x7 सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था मय मानव संसाधन एवं सामग्री | 2026-27 | 1.44 लाख | 3,000/- | 200/- |
| 2. | MNJY योजना अन्तर्गत मानव संसाधन। | 2026-27 | 1.00 लाख | 2,000/- | 200/- |

शर्ते :-

1. धरोहर राशि बैंकर्स चैक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी-मोहम्मद फलासिया" के नाम से देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदादाता संबंधित संस्थान पर भ्रमण कर पूर्ण कार्य को समझकर निविदा प्रस्तुत करें।
4. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
5. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा का स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये स्वीकार/रद्ध करने का अधिकार उपापन समिति का रहेगा।

सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र- मो. फलासिया